






## खबर संक्षेप

### एक हजार आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**सीहोर।** जिले को नशामुक्त बनाने और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के दौरान सीहोर पुलिस ने व्यापक एवं प्रभावी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार की गई सुनियोजित कार्यवाहियों में आबकारी अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत एक हजार से अधिक आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस की सक्रिय निगरानी, मजबूत मुखबिर तंत्र, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई के चलते अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की गई। वर्ष 2025 में जिले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 983 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिनमें 1004 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 7,832.265 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 33.07 लाख आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान 15 कार, 12 मोटरसाइकिल एवं 1 नाव भी जब्त की गई। अवैध शराब के विरुद्ध प्रमुख उपलब्धियों में थाना शाहगंज द्वारा 680 लीटर शराब (4.73 लाख) जब्ती, थाना गोपालपुर में कार सहित 318 लीटर, थाना जावर में मारुति वैन सहित 206 लीटर, थाना सिद्दीकगंज में 110 लीटर तथा थाना भेरूंदा में 114 लीटर शराब की जब्ती शामिल है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2025 में कुल 25 प्रकरण दर्ज कर 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने 59.846 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 9.68 लाख है। इस दौरान 1 कार सहित 4 मोटरसाइकिल भी कार्रवाई के दौरान जब्त की गईं।

### घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 15 मीटर, 2 दिन से छा रहा कोहरा

# तेज ठंड ने किसानों की मेहनत पर डाला संकट का साया, जलते अलाव बने सहारा

### सर्द हवाओं ने किसानों की रगों में ठंड नहीं, बल्कि चिंता उतार दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया रहा। सुबह विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। आसमान में चारों ओर कोहरा ही कोहरा दिखाई दे रहा था। सुबह 6:30 भी आसानी से आरओबी नजर नहीं आ रहा था। इस साल ठंड के मौसम में नए साल के तीसरे और चौथे दिन सीहोर जिले में लगातार दो दिन घना कोहरा छाया है। कोहरे के कारण सूर्योदय भी काफी देरी से हुआ और उसकी किरणें देर से धरती पर पहुंचीं। नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में रविवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को पास की चीजें भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। चारों ओर धुंध छाई हुई थी। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमुनिया डैम के पास और रेलवे ओवरब्रिज पर भी घना कोहरा देखा गया, जिससे लाइटें भी धुंधली नजर आ रही थीं। शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान में बादल छाए हुए हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि आगामी दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। बादलों के छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

#### बादल शीतलहर से ठंड बढ़ी

नए साल की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे और धूप नहीं निकली। शीतलहर चलने से ठिठुरन बढ़ गई। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग सुबह से ही अलाव तापते देखे गए। शहर के कई हिस्सों में लोगों ने ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलाए। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) की सक्रियता के कारण क्षेत्र में ठंड का असर और बढ़ गया है।

#### फसलों पर भी पड़ रहा प्रभाव


सर्द हवा ने इस बार ग्रामीण अंचल के किसानों की रगों में ठंड नहीं, बल्कि चिंता उतार दी है। सुबह हो या दोपहर सूरज जैसे छुट्टी पर चला गया हो। दिन के एक बजे भी जब कंपकंपी न थमे, तो समझिए हालात कितने भयावह हैं। गांव-गांव, चौराहे-चौराहे पर लकड़ी के अलाव धधक रहे हैं, और उन्हीं अलावों के सहारे किसान, बुजुर्ग और ग्रामीण अपने हाथ सेंकते हुए भविष्य की फसल बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा बताते हैं कि इस कड़ाके की सर्दी ने खेतों में लहलहाती सब्जियों पर सीधा प्रहार किया है। लौकी, गिलकी और करेला जैसी नाजुक फसलें ठंड से झुलसने लगी हैं। किसान मजबूरी में खेतों में धुआं (फॉग स्मोकिंग) कर रहे हैं ताकि तापमान का असर कुछ कम किया जा सके।

#### कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

भोपाल इंदौर हाईवे,पचोर आष्टा, कन्नौद खंडवा सहित अन्य मार्गों पर शनिवार को वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही वाहन चालक घना कोहरा के चलते काफी धीमी वाहन चला रहे थे वह भी हेडलाइट जलाकर सुबह 9 बजे तक भी वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।

## नर्मदा के बाबरी घाट पर डूबे सगे भाई, गांव में मातम

### भाई को बचाने में भाई ने गंवाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नर्मदा नदी के बाबरी घाट पर शनिवार शाम एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। हरदा जिले की ओर जाने के दौरान नाव का इंतजार कर रहे दो सगे भाई नर्मदा की गोद में समा गए। मासूम उम्र, सपनों से भरी आंखें और परिवार का सहारा बनने की दहलीज पर खड़े ये दोनों भाई एक पल की चूक के कारण काल के गाल में समा गए।

यह हादसा न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए ऐसा जख्म बन गया है, जो लंबे समय तक नहीं भर पाएगा। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान शुभम यदुवंशी (14 वर्ष) और विकास यदुवंशी (16 वर्ष) पिता आत्माराम यदुवंशी निवासी महगवा के रूप में हुई है। दोनों अपने बड़े पापा भीम यदुवंशी के साथ बाबरी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होकर हरदा जिले के करताना लौट रहे थे। बाबरी घाट पर नाव आने में देरी हो रही थी।

इसी दौरान छोटा भाई शुभम नहाने के लिए नदी में उतर गया, लेकिन उसे नदी की गहराई का अंदाजा नहीं था। देखते ही देखते वह गहरे पानी में चला गया। जब काफी देर तक शुभम बाहर नहीं आया तो बड़ा भाई विकास उसे बचाने के लिए बिना एक पल सोचे नदी में कूद पड़ा। दुर्भाग्यवश, गहराई अधिक होने के कारण दोनों ही बाहर नहीं निकल सके।

#### मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने जब तक दोनों को बाहर निकाला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों बच्चों के पिता बनापुरा में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। दो बेटों की एक साथ मौत ने परिवार की दुनिया ही उजाड़ दी। मां की चीखें और परिजनों का विलाप सुन हर आंख नम हो गई। गांव में हर घर गमगीन नजर आया।

#### गड्ढों ने बढ़ाया खतरा जांच में जुटा प्रशासन

स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्मदा नदी में रेत उत्खनन के कारण कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनका अंदाजा बाहर से नहीं लगता। यही गड्ढे ऐसे हादसों की वजह बन रहे हैं। भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। दोनों शवों को सिविल अस्पताल भैरूदा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया

**सीहोर।** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीहोर शहर के अध्यक्ष घनश्याम यादव जी एवं सीहोर विधानसभा प्रभार दिनेश मेघानी जी के नेतृत्व में इंदौर में मलमूत्र मिला पानी पीकर 16 लोगों की मौत और हजारों निवासियों के बीमार हो जाने के विरोध में स्थानीय लिसा टॉकीज चौराहे पर घंटा सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, नईम नवाब ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र वर्मा,रमेश गुप्ता, राकेश वर्मा प्रीतम दयाल चौरसिया,योगेंद्र राय,सीताराम भारती,, राम प्रकाश चौधरी, मजीद अंसारी,नरेंद्र खंगराले, मुनव्वर मामू,अरुण राय,भगत सिंह तोमर,के के रिछारिया, राजकुमार तुलसी राठौर,हर्षदीप राठौर मुकेश ठाकुर आसिफ अंसारी तौसीफ सहिद, दीपक सोनकर,विनीत गोयल,मनीष मेवाड़ा,महमूद भाई डॉ नरेंद्र यादव दौलत यादव राधेश्याम यादव ओम सोनी आदि शामिल थे।



## चर्च मैदान पर खेली जा रही एमपीपीएल फुटबॉल प्रतियोगिता का 11 जनवरी को होगा सेमीफाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता में रविवार को बिल्डअ सीहोर और नेशनल फुटबाल क्लब इंदौर की टीम के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इसमें दोनों ही टीम 1-1 गोल से बराबरी पर रही।

ड्रा होने के बाद भी सीहोर टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच गई। आगामी 11 जनवरी को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल बिल्डअप सीहोर और बालाघाट के मध्य खेला जाएगा। मैच के उपरांत एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने यहां पर मैच के पर्यवेक्षक और रैफरी आदि का स्वागत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को दोपहर में बिल्अप सीहोर और इंदौर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर की ओर से अनिकेत कुमार ने एक गोल किया। इसके अलावा इंदौर की ओर से अयान ने एक गोल किया। इसके अलावा जूनियर अभ्यास मैच भी शाम को खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर बाइज-सीहोर रेड के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने एक मात्र गोल कर अपनी टीम 1-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला एमजी क्लब फुटबाल टीम और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया था। यह मुकाबला एमजी क्लब ने 2-1 से जीता। इस मैच में एमजी क्लब फुटबाल टीम के अदानन ने दो गोल किए थे। वहीं ग्रीन टीम की ओर से विशाल ने एक गोल किया। एमपीपीएल प्रतियोगिता के मुकाबले में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैच के कमिश्नर चंद्रा मलिक जबलपुर, अनिल तंवर, अम्बूज गुप्ता, रशीद खान, रोहित थापा, दीपक ठाकुर के अलावा जिला फुटबाल एसोसिएशन के अरुण राठौर, कमलेश अग्रवाल, आनंद उपाध्याय, मनोज दीक्षित मामा, दीपक गुरुवानी, कपिल दुबे, विपिन पवार आदि शामिल थे।

## धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का खुलासा: रेहटी पुलिस ने माल सहित दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन और एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना रेहटी में हुई धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली चोरी का खुलासा किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गये मशरूका को जब्त किया गया है। फरियादी सुदामा प्रसाद पिता हरिराम चौहान जाति खाती उम्र 38 साल निवासी वार्ड 14 रेहटी थाना रेहटी जिला सीहोर ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की हीमानी वेयर हाउस कोसमी मे वेयर हाउस के सामने मेन रोड ग्राम कोसमी से 30 और 31 दिसंबर की दरम्यानी रात को अज्ञात चोरो ने मेरी धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली, जिसकी कुल कीमत 10 लाख रूपये है की चोरी कर ली है। कि रिपोर्ट पर से थाना रेहटी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर सूचना एवं सीसीटीव्ही के आधार पर संदेही रूप सिंह कहार निवासी रायपुर जिला नर्मदापुरम व सचिन लोभो निवासी अयोध्या नगर भोपाल से ट्रेक्टर ट्राली के संबध मे बारिकी से पूछताछ करने पर घटना दिनांक को दोनों ने मिलकर हिमानी वेयर हाउस से चोरी करना बताया। चोरी गये मशरूका मय धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली को विधिवत जप्त कर आरोपी रूप सिंह पिता नारायण कहार निवासी ग्राम रायपुर थाना देहात जिला नर्मदापुरम और सचिन लोभो पिता पप्पूलाल लोभो निवासी अयोध्या नगर सेक्टर 03 थाना अयोध्या नगर भोपाल को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी प्रआर.महेन्द्रसिंह, जितेन्द्र गौर, संतोष कुमार, आर.अभिषेक यादव, आर.योगेश कटारे, आर.विकास नागर की सराहनीय भूमिका रही।

### निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाकर किया डॉ. अनिल शर्मा का पुण्य स्मरण

# शिविर में 300 मरीजों की हुई निशुल्क जांच व दवाओं का वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गत दिवस सीहोर जिले के प्रथम शासकीय दंत चिकित्सक रहे स्व. डॉ. अनिल शर्मा की 8वीं पुण्य तिथि के अवसर पर नगर में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन डॉ. शर्मा के सुपुत्र डॉ. अभिषेक शर्मा ने किया था। शिविर का शुभारंभ शनिवार को सुबह दस बजे किया गया जो शाम को लगभग 5 बजे तक जारी रहा। शिविर के प्रारंभ में सर्व प्रथम डॉ. अनिल शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान देश के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित हर्षित शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, पूर्व सीएमएचओ डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. बीके चतुर्वेदी, समाजसेवी कमल झंवर, सुमित झंवर, साकेत झंवर, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, प्रदीप वशिष्ठ, जयंत दासवानी, प्रभजीत सिंह अरोरा, लायंस क्लब के सदस्यगण आदि ने डॉ. अनिल शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह अपने पूज्य पिताजी की पुण्य तिथि पर विगत 8 वर्षों से इसी प्रकार निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहे हैं। इस बार भी नगर और आसपास के क्षेत्र से लगभग 300 मरीज दंत शिविर में आये। इन सभी का निशुल्क दंत परीक्षण किया गया और जरूरी दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। इस शिविर में डॉ. रेड्डीज फार्मा ग्रुप फार्मा, एलेक्सा फार्मा, मैनकाइंड फार्मा, वारेन इंडोको फार्मा, आइसीपीए फार्मा और मेरेंल फार्मा द्वारा मरीजों के लिए निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई थीं। डॉ. अभिषेक शर्मा ने दंत चिकित्सा शिविर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सन्नी जाटव बने संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अजा बाहुल्य वार्ड क्रं. 11, डॉ. अम्बेडकर नगर स्थित सीहोर के संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर जाटव समाज की बैठक आयोजित की गई। रविदास वंशीय समाज के भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति में डॉ. अम्बेडकर धर्म सीहोर के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी सन्नी जाटव को सर्व सम्मति से सीहोर जिला संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भारी समर्थन से अध्यक्ष बनाया। समाज जनों ने सन्नी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ.अनीस खान, मनोहर मंगरोलिया, तत्का.पार्षद नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक, धर्मप्रकाश आर्य, एस.के.फरेला, पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, पन्नालाल खंगराले, मनोहर मंगरोलिया, अवधनारायण महोबिया, शुभम कचनेरिया, हितेन्द्र कचनेरिया, शिव नारायण यादव, जयराम जाटव, मदन मंगरोलिया, दयाराम गवाटिया जिलाध्यक्ष सीहोर जांगड़ा समाज एकता समिति, रामचरण दसलानिया धर्मशाला अध्यक्ष, कमल किशोर जाटव, महेश कुमार, राहुल कचनेरिया, टिट्टू कचनेरिया, सुरेश महोबिया, चंचल महोबिया, दीपक सोनकर, चरण खंगराले, जुगल महोबिया, बेनी प्रसाद मंगरोलिया, कपिल पुरविया, हेमंत आर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। बिना हेलमेट लगाने वाले दो पहिया वाहन चालकों के विरूध्द मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देश में कहा है कि सभी स्कूल एवं कॉलेजों के प्रधान अध्यापक, छात्र छात्राओं के अभिभावकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें कि, वह बच्चों को स्कूल, कॉलेज लेकर आते- जाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने बिना हेलमेट लगाने वाले अभिभावकों एवं छात्र- छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश निरूध्द करने की सख्त हिदायत दिया जावे। इस संबंध जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से निर्देश जारी किये जाएगें। सभी पेट्रोल पंपों पर फ्लेक्स,बैनर के माध्यम प्रचार-प्रसार करें साथ ही पेट्रोल की आपूर्ति के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल वितरण करेगे ऐसे सख्त हिदायत दिया जावे ताकि सभी हेलमेट पहन कर ही पेट्रोल पंप आवें। ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका एवं ठेके पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दी जाती है. जहाँ यात्रीगण बिना हेलमेट धारण किये हुए आकर वाहन पार्किंग में लगाते है, हेलमेट लगाने पर ही उनकों वाहन पार्किंग की सुविधा दी जावे, ऐसी पार्किंग संचालकों को हिदायत दी जावे। जिले में संचालित ऑटो मोबाईल शॉप पर बैनर, फ्लेक्स के माध्यम से हेलमेट धारण करने के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाए। वाहन के विक्रय के समय क्रेताओं को हेलमेट धारण करने के बाद शोरूम से जाने के लिए निर्देशित करे।

### सज गया खेल मैदान, सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज

# खेल से राष्ट्र निर्माण का संदेश और ग्रामीण प्रतिभाओं को मिल रहा बड़ा मंचः कार्तिकेय

ग्रामीण अंचल से राष्ट्रीय पहचान की ओर सांसद खेल महोत्सव बना युवा खिलाड़ियों की उम्मीद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




नगर के खेल मैदान में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। 4 से 6 जनवरी तक चलने वाले इस खेल महोत्सव ने पूरे भैरूंदा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल उत्सव का माहौल बना दिया है। क्रिकेट और कबड्डी जैसी लोकप्रिय प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिल रहा है। खेल महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव एवं युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडलों की क्रिकेट एवं कबड्डी टीमों को खेल किट वितरित की गईं। खिलाड़ियों के हाथों में किट पहुंचते ही मैदान तालियों की गूंज से भर उठा और खेल भावना का जीवंत दृश्य देखने को मिला। उद्घाटन मुकाबले में बुधनी और भैरूंदा मंडल की क्रिकेट टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः भैरूंदा मंडल की टीम ने जीत दर्ज कर महोत्सव की शानदार शुरुआत की। बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और हर चौके-छक्के पर मैदान गूंज उठा। इस मौके पर युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि यह आयोजन उनके पूजनीय दादा-दादी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तरीय सातों मंडलों की पुरुष एवं बालिका वर्ग की टीमें क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हैं। प्रत्येक खेल की विजेता टीम को आगे विदिशा संसदीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले फाइनल मुकाबलों में खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। खेल से अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। यही गुण युवाओं को सकारात्मक दिशा देकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में खेल मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और खेल संस्कृति को मजबूत बनाएं। खास बात यह है कि 6 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं खेल महोत्सव में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।



उनके आगमन को लेकर आयोजकों एवं खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से भैरूंदा नगर को विधानसभा स्तर पर नई पहचान मिल रही है। खेल मैदान में हो रहे मुकाबले न केवल खिलाड़ियों बल्कि दर्शकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आयोजन के दौरान सुरक्षा, तकनीकी व्यवस्था और खेल संचालन की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे प्रतियोगिताएं सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह गौड़, जिला उपाध्यक्ष ओम पटेल एवं आनंद पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, गोपालपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पंवार, लाड़कई मंडल अध्यक्ष पवन मीणा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता, खिलाड़ी एवं खेल मैदान की तकनीकी टीम मौजूद रही।

# दूषित जल की समस्या का समाधान करने के निर्देश

### नपाध्यक्ष ने बैठक में किया विचार-विमर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर में गत दिनों हुई दूषित जल की सप्लाई के कारण नगर पालिका सीहोर ने नागरिकों के लिए शुद्ध जल मिले इसके लिए पेयजल सप्लाई पाइप लाइन आदि में लीकेज आदि की समस्या का तत्काल समाधान करने की बात कही है।

इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अगर दूषित पेयजल की समस्या की जानकारी तत्काल मेरे नंबर अथवा नगर पालिका में प्रदान की जाए। इसका त्वरित समाधान किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साफ पेयजल व्यवस्था को लेकर सीहोर नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाया है।

शनिवार को हाउसिंग बोर्ड रेलवे ब्रिज निर्माण के दौरान सप्लाई लाइन लीकेज मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य रोकने की पहल की गई थी, इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य समस्याओं को देखते हुए हर वार्ड में नगर पालिका अमले के द्वारा टीम बनाकर निगरानी रखी जा रही है। नागरिकों के द्वारा जहां पर भी दूषित पानी की शिकायत मिलेगी, तत्काल समाधान किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से त्वरित शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

## बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को समयबद्ध राहत, सहायता और न्याय उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन का दायित्व है।

# रुजनखेड़ी में यज्ञ के साथ होगी देव कथा, स्वास्थ्य शिविर और विशाल घेरा-गम्मत प्रतियोगिता हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भीलट भान बाबा रुजनखेड़ी में 63वें वर्ष का रुद्र महायज्ञ आगामी 21 जनवरी 2025 से श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के संयोजक संतोष गौर ने बताया कि यह यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और पीढ़ियों से चली आ रही आस्था का प्रतीक है। बीते 63 वर्षों से हमारे पूर्वज यहां यज्ञ करते आ रहे हैं और यही परंपरा आज भी सामाजिक एकता का संदेश दे रही है।

यज्ञ के साथ-साथ इस वर्ष भीलट भान देव कथा का विशेष आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध संत श्री देवराज जी नागर द्वारा कथा-वाचन और भजन प्रस्तुति होगी। इसके अलावा जनहित को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर, छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह तथा सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे आयोजन का सामाजिक पक्ष और सशक्त होगा।24 जनवरी की रात्रि 9 बजे से क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल घेरा-गम्मत प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपये, द्वितीय 11,000 रुपये, तृतीय 7,000 रुपये, चतुर्थ 5,000 रुपये, पंचम 4,100 रुपये, षष्ठम 3,100 रुपये, सप्तम 2,100 रुपये, अष्टम 1,500 रुपये, नवम 1,100 रुपये तथा दशम पुरस्कार भी निर्धारित किया गया है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्रभर की टीमों की सहभागिता अपेक्षित है।आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने जन-सहयोग की अपील की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद एवं संयोजक कैलाश धाबरे, अध्यक्ष गणेशराम पटेल, उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रेम नारायण पेठारी, सरपंच शिवनारायण बाकरिया, रामपाल पटेल (सेवानिवृत्त शिक्षक), बटनलाल गुहावटिया, सचिव चतुर्भुज सोलंकी, कोषाध्यक्ष रामपाल पटेल, सह-कोषाध्यक्ष केवलराम पाटिल, सह-सचिव सतीश हरियाले, सेवानिवृत्त सब-इंस्पेक्टर रामस्वरूप बकोरिया, आयुष पाटिल, सुआलाल कटारे, सुमेर सिंह धाबरे, सुनील बाड़ोलिया सहित अनेक गणमान्यजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।आयोजन समिति का कहना है कि यह महायज्ञ आस्था के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देगा। अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में ₹बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस" कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियां 7 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई हैं।

# 24 घंटे में हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी पुलिस ने 24 घंटे में हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने मै सफलता हासिल किया। एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रेहटी थाना क्षेत्र में घटित हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया है। विगत 3 जनवरी को फरियादी कमलेश पिता नन्हूलाल करोंची जाति गोंड उम्र 35 साल निवासी ग्राम ढावा थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कार्य गई कि 2 जनवरी की शाम तकरीबन 06.30 बजे मेरे भाई रोहित करोंची पिता नन्हूलाल करोंची जाति गोंड निवासी ग्राम ढावा को राहुल उडके निवासी ग्राम तजपुरा ने मेरे भाई रोहित करोंची के सिर में पत्थर से जानलेवा हमला कर हत्या कर दी है। रिपोर्ट के आधार पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि राहुल उइके चकल्दी में देखा गया है। उक्त सूचना पर निरीक्षक महेश सिंह धुर्वे स्टाफ के रवाना होकर ग्राम चकल्दी पहुँचे। स्टाफ की मदद से पकड़े गए व्यक्ति का नाम पता पूछा, जिसने अपना नाम राहुल उईके पिता भागचंद उईके उम्र 31 साल निवासी ग्राम तजपुरा थाना रेहटी घटना के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो बताया कि मैंने दिनांक 2 जनवरी को शाम करीबन 06.30 बजे गंदी-गंदी गाली देने की बात पर ग्राम डाबा के पास जंगल में वहीं पास पड़े पत्थर से सिर व मुँह में मारकर हत्या कर दी एवं पत्थर को वहीं फेंककर वहाँ से भाग गया और खून से सने कपड़े मैंने मेरे साथी मिथुन बारिया के साथ मिलकर मरियाडो के जंगल में जैकेट एवं पजामा को जला दिया था। आरोपी राहुल उडके को गिरफ्तार कर बताए स्थान मरियाडो के जंगल में से जला हुआ जैकेट के बटन एवं घटना स्थल से पत्थर को समक्ष पंचान के विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गय। आरोपी को गिरफ्तार किया। निरीक्षक राजेश कहारे, उनि नरेंद्राम अहिरवार, उनि महेशसिंह धुर्वे, आर. दीपक सेन, आर. योगेश कटारे, आर. रामकुमार शर्मा आदि की भूमिका रही।

# कोटवारों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कोटवारों ने शनिवार की रात एसडीएम कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। कोटवार बीते लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कोटवारो ने इस दर्द को छुपा कर सामूहिक सुंदरकांड पाठ कर एकता का संदेश दिया। अनुविभागीय अधिकारी तन्मय वर्मा से कार्यालय में सुंदरकांड पाठ की मौखिक अनुमति मिलने और तहसीलदार भारत नायक, तहसीलदार अमित सिंह सहित नायब तहसीलदारो और समस्त पटवारियो एवं तहसील के कर्मचारियो की सहभागिता सहयोग मिलने के बाद जिला कोटवार संघ अध्यक्ष छगनलाल मालवीय उपाध्यक्ष कालूराम तहसील अध्यक्ष अमर सिंह ने नव वर्ष उपलक्ष सहित सरकार की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया।

कोटवार संघ जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय का कहना था कि कोटवार सरकार की बेरुखी के शिकार है। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा कोटवारों के हित में की गई घोषणाओं को भी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा है। हम सुंदरकांड पाठ से सरकार को जगाने और सद्बुद्धि देने की भी भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। कोटवारो को प्रदान की जाने वाली वर्दी में भी भ्रष्टाचार कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हमें पुलिस जैसी वर्दी देकर सम्मान से ड्यूटी करने का हक दिया था लेकिन अब हमें जोकर जैसी वर्दी दी जा रही है। वर्दी का हमने बहिष्कार भी कर दिया है। हम कोटवारो की किसान आई डी नहीं बन रही हैं। कोटवारो को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की पात्रता में शामिल भी नहीं किया जा रहा है। कोटवारो की ज़मीन से गाँव के दबंगो लोगों का कब्ज़ा नहीं हटवाया जा रहा है। कोटवारो का वेतन भी प्रति माह नियत तारीख पर नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में 500 रूपये की वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी वह अबतक पूरी नहीं की गई है जैसी अनेक मांगें लंबित है।

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आयोजित सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से औंकार लाल, दंवकरण पंवार, हरिनारायण,बलवानसिंह, मांगीलाल अशोक मालवीय, रामलाल, दीलीप, संतोष कुमार, रामभग्रेस भीलाला रामकिशन मालवीय, सुरेश मालवीय, सुनील भारती, सतीश मालवीय, अंतराम,मुकेश, रमेश, जीवनसिंह, राधेश्याम, हरिप्रसाद, हिम्मतसिंह, राजेश, लाखनसिंह, दरसिंह मालवीय, राजेन्द्र मेहरा, राम मेहरा जितेन्द्र,हरीश मालवीय, सुनील, राधेश्याम, रामभरोश, बाबूलालभारती, मांगीलाल, बटनलाल,कृष्णपाल, राजेश, देवनारायण, अमर सिंह, गंगाराम, राजू, शंकरलाल, कमल, गोलू, शिवदास, किशोर गुणवान, भगवान सिंह, दीप सिंह,दिनेश मेहर,सन्तोष कुमार, छोटेराम, राजेश, सुनील, प्रहलाद सिंह, सन्तोष, रमेश कुमार सोदान सिंह, सुनील सिंह मांगीलाल, कैलाश, सुरेश, विक्रम अशोक, रमेश सहित बड़ी संख्या में कोटवार शामिल रहे।

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में एसआर क्लब टीम ने की जीत दर्ज

# सौरभ ने 26 बिट्टू ने 42 रन की धमाकेदार खेली पारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय पीजी कालेज ग्राउण्ड पर माँ अन्नपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी में आज एस.आर. क्लब और कान्हा इलेवन की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे दोनो टीमों का टॉस संजय राठौर और पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने कराया और मैच की शुरुआत की एस.आर. क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये। जिसमे सौरभ ने 26 रन और बिट्टू ने 42 रन की धमाकेदार पारी खेली, वहीं लल्ला ने 14 और राज कुशवाह ने 11 रन बनाये, इस तरह कुल 106 रन बनाये और कान्हा इलेवन को 107 का लक्ष्य दिया। जित्तू मम्मू ने विकट, संतोष ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य पीछा करते हुए कान्हा इलेवन के जित्तु मम्मु न सबसे ज्यादा 18 रन बनाये और पूरी टीम 64 रन पर सिमट गई। एस.आर.क्लब की ओर से बालिंग करते हुए मयंक और नन्दू ने 1-1 विकेट लिये और शौरभ ने पंजा खोलकर 5 विकेट लिये, वहीं कान्हा इलेवन टीम को चारों खाने चित कर दिया और मैन आफ द मैच बने सौरभ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 रन बनाये और बाद में पांच विकिट झटके। सुमित राय की टीम ने 42 रन से जीत हासिल की अगले दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट आयोजक पुरुषोतम राय, अनिल राठौर, एम्पायर भूपेन्द्र, पंकज, प्रतीक, राहुल, रोहित, आयुष, एम्पायर विक्की ने सभी विजेता खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया और उनका मनोबल बड़ाते हुए आगे के मेंचों में भी अच्छा प्रदर्शन करने शुभकामनाऐं दी।

# वरिष्ठ डॉक्टर अरविंद सिन्हा को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला मुख्यालय स्थित बिलकिसगंज शासकीय अस्पताल में लंबे समय से वरिष्ठ चिकित्सक की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ. अरविन्द सिन्हा के सेवानिवृत्व होने पर स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर डॉ. सिन्हा का परिवार भी मौजूद था, यह पहला मौका था कि बिलकिसगंज और आस-पास के क्षेत्रवासी के अलावा अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ के लोगों ने डॉ. सिन्हा की सेवा निवृत होने पर भावपूर्ण रूप से विदाई दी। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहाकि डॉ. सिन्हा किसी पहचान के मोहताज नहीं है, जनता के लिए घर परिवार छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर जनता की सेवा करते रहे। इनकी सेवा को भुलाया नहीं जा सकता। इनकी विदाई कागजी तौर पर हो रही है। डॉ. साहब सभी के हृदय में बसे हैं, जहां से विदाई सम्भव नहीं है। विदाई समारोह में सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया, बीएमओ नवीन मेहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना सुरेन्द्र मेवाड़ा, वरिष्ठ पत्रकार एआर शेखमुंशी, राहुल श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि पटेल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में बताया कि वह वर्ष 1991 में स्वास्थ्य विभाग में सेवा से जुडे थे और इसके पश्चात लंबे समय तक बिलकिसगंज में सेवा कार्य करते रहे।

## सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मनचलेपन से परेशान है महिला कर्मचारी

# बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




जिला अस्पताल के सीएमएचओ ऑफिस में महिला कर्मचारी को आए दिन परेशान करने को लेकर पिता ने सीएमएचओ के साथ साथ कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बाबू ऋषि विजयवर्गीय पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिता आरजी प्रजापति ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि आए दिन उनकी बेटी को ऋषि मानसिक रूप से परेशान करता है और कहता है कि यहां से कहीं ओर स्थानांतरण करवा लो। ऐसी स्थिती में बेटी को मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। यदि भविष्य में मेरी बेटी को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार ऋषि विजयवर्गीय होगा।

हरिभूमि से बात करते हुए सीएमएचओ ऑफिस में कार्यरत महिला ने बताया कि 2025 में जब वह डॉ किरण वाडिवा से काम के सिलसिले में उनके चेंबर में जा रही थी तो मेरी जेब में बाबू ऋषि विजयवर्गीय ने कंडोम का छोटा बॉक्स रख दिया। जिसके बारे में मैंने तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को बताया था। परंतु कोई ऑफिशियल कार्रवाई उस समय नहीं हो पाई। जिसके कारण फिर उसके हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन परेशान करता रहता है। कई महिलाएं बदनामी के डर के कारण बहुत कुछ सह जाती हैं परंतु अब हद हो गई है तो मुझे आपसे अपनी बात कहना पड़ रही है।

### कुछ दिन पूर्व ही खुलेआम ऑफिस में दी थी गालियां

स्वास्थ्य विभाग के जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ ऑफिस में पदस्थ ऋषि विजयवर्गीय इतने हल्के हो गए हैं कि सरेआम गालियां देने में भी उन्हें कोई गुरेज नहीं है। फिर चाहे महिला ही क्यों न वहां पर उपस्थित हो। इस मामले की जांच भी हुई परंतु जांच रिपोर्ट अलमारी में बंद हो गई और एक बार फिर बाबू अपनी गलती के बाद भी ऑफिस में टिके हुए हैं। इन पर कार्रवाई कब होगी जिससे महिला कर्मचारी सुरक्षित अपना काम कर सके। इस संबंध में बाबू ऋषि विजयवर्गीय का जवाब जानना चाहा लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

**परेशान करने किया गया था स्थानांतरणः** सहायक ग्रेड 3 पर पदस्थ महिला कर्मचारी बताती हैं कि इन्हीं लोगों ने मुझे परेशान करने के लिए ही मेरा स्थानांतरण सीएमएचओ जिला मुख्यालय से माचलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर दिया। बिडम्बना यह की वहां पर सहायक ग्रेड 3 का पद ही स्वीकृत नहीं है जिस पर हाईकोर्ट इंदौर ने संज्ञान लेते हुए मुझे स्टे दिया।

### इनका कहना है...

मैं अभी कुछ दिनों के लिए बाहर आई हूं, आने के बाद इस मामले को देखती हूं।

डॉ शोभा पटेल
सीएमएचओ राजगढ़

# नीलगाय शिकार मामले में वन विभाग की कार्रवाई, घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

जिले में वन विभाग ने नीलगाय के शिकार के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से कच्चा मांस, धारदार हथियार और दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बगलीखेड़ा और गादलिया के कुछ लोगों ने नीलगाय का शिकार किया है। इस सूचना पर लाड़कुई के वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके ने तुरंत दो टीमों का गठन किया और उन्हें घटनास्थल के लिए रवाना किया। पहली टीम में कार्यवाहक वनपाल शरद रंजन, वनरक्षक अरुण पैठारी, अमर सिंह रावत और महेंद्र सिंह राजपूत शामिल थे। दूसरी टीम में वनपाल नारायण सिंह मेहर, वनरक्षक नरेंद्र राजपूत, श्यामसुंदर सिंह राजपूत, यशवंत गोयल और राजेश शुक्ला थे। तलाशी अभियान के दौरान, टीम को ग्राम गादलिया निवासी शोभाराम के खेत के पास कुछ हलचल दिखी। टॉर्च की रोशनी में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठे नजर आए। खेत में फसल खड़ी होने का फायदा उठाकर वे अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। दोनों टीमों ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को उनके झोलों सहित पकड़ लिया।

झोलों की तलाशी लेने पर एक में कटा हुआ कच्चा मांस और दूसरे में एक कुल्हाड़ी तथा एक हसिया मिला, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम शोभाराम निवासी गादलिया और दूसरे ने दीपसिंह निवासी बसंतपुर बताया। दोनों आरोपियों और उनकी दो मोटरसाइकिलों को आगे की पूछताछ के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय लाड़कुई लाया गया। आरोपियों की निशानदेही पर, टीम उन्हें उस घटनास्थल पर ले गई जहां नीलगाय का शिकार किया गया था। बीट बगलीखेड़ा और नयापुर की सीमा रेखा बनाने वाले नाले के पास जांच करने पर खून से सनी जमीन मिली। वहां 198 सेमी लंबी और 14 सेमी गोलाई वाली एक सागौन की बल्ली भी खून से सनी हुई पाई गई। इसके अतिरिक्त, वन्यप्राणी के अवशेष, पूंछ और हड्डी के टुकड़े भी घटनास्थल पर मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया।

## इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद अलर्ट मोड पर प्रशासन

# सभी नगरीय निकायों में हर हफ्ते हो पेयजल की टेस्टिंगः कलेक्टर




**राजगढ़।** गत दिवस प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन से 14 लोगों की अकस्मात मृत्यु हुई थी। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ के स्थानीय प्रशासन ने जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल की हर हफ्ते पेयजल की टेस्टिंग के तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी मुख्य नगर पा लि का अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निकायों में पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह की जाए। तीन दिवस में सभी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। दूषित पानी की कही से भी शिकायत न आए यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिसमें सभी नगरी निकायों की पाइप लाइनों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जियोटेगिग किया जाए।

### ग्रामीण जल स्त्रोतों की टेस्टिंग भी करवाएं

उन्होंने बैठक में यह भी निर्देश दिए की सभी नगरीय निकायों से जल सप्लाई प्रभारी व सब इंजीनियर सहित 5-5 लोगों को वॉटर टेस्टिंग किट का रविवार को जिला स्तर पर पीएचई द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि नगरीय निकाय खुद भी पानी की जांच कर सके। बैठक से अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी छापीहेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि सभी ग्रामीण जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## डेढ़ दर्जन नोटिस के बाद प्रशासन ने की तालाबंदी, एसडीएम ने दिए निर्देश

# संडावता में 8 साल से बकाया लाखों की वसूली को लेकर सख्ती

**सारंगपुर।** तहसील के संडावता कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित एवं नीलामी के माध्यम से आवंटित दुकानों की बकाया राशि को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वर्ष 2017 से बकाया चल रही नीलामी राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आखिरकार कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील कर ताले लगवाए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से कस्बे में हड़कंप की स्थिति बनी रही।



जानकारी के अनुसार, आदर्श ग्राम पंचायत घोषित होने के बाद संडावता में बाजार विकास के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कराया गया था। इन दुकानों को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से व्यापारियों को आवंटित किया गया, लेकिन कई दुकानदारों ने वर्षों तक नीलामी की राशि जमा नहीं की। ग्राम पंचायत द्वारा लगातार सूचना पत्र जारी किए जाने के बावजूद बकायादारों ने भुगतान नहीं किया। बताया गया कि वर्ष 2017 से अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक नोटिस जारी किए गए थे।

एसडीएम रोहित बम्होंरे ने बताया कि संडावता सारंगपुर मार्ग पर स्थित 5 दुकानों तथा नवीन बस स्टैंड परिसर की 17 दुकानों सहित कुल 22 दुकानदारों पर करीब 31 लाख 50 हजार रुपए से अधिक की बकाया राशि थी। वसूली की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार टीएल बैठक में निर्णय लिया गया, जिसके तहत सख्त कार्रवाई की गई। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार टप्पा संडावता शैलजा मिश्रा के नेतृत्व में गठित राजस्व एवं पंचायत अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायत की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निर्मल मन से की गई भक्ति प्रभु को प्रिय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आशुतोष महाराज की कृपा से कुरावर मंडी के शिव धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीहरि कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास साध्वी चित्रा भारती व भक्तिप्रभा भारती ने भक्त धन्ना जाट की ठाकुर जी अर्थात प्रभु श्रीकृष्ण के प्रति निश्चल भक्ति भाव की महिमा का भजन सरिता के साथ सुंदर व्याख्यान किया। जिससे मानव में मानवीय-दैवीय गुणों का सृजन होता है। साध्वीजी ने शांति एवं आनन्द के स्त्रोत शाश्वत सूत्र बृह्मज्ञान की प्राप्ति कर ध्यान शिविर में सम्मिलित हो ईश्वर तत्व के दर्शन के लिए प्रेरित किया। बड़ी संख्या में पधारे श्रोता बन्धुओं ने कथा प्रसङ्ग को बड़े ध्यान से श्रवण कर ज्ञान प्राप्ति हेतु उत्साहित हुए।

# नशे के विरुद्ध कार्रवाईः नरसिंहगढ़ में 5.38 लाख की अवैध शराब जब्त, 8 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ राजगढ़ पुलिस के निरंतर अभियान के तहत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में बड़ी कार्रवाई की। दबिश के दौरान पुलिस ने 905 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 38 हजार रुपए है। साथ ही कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 1500 लीटर लहान मौके पर ही नष्ट किया गया। यह कार्रवाई एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (आईपीएस) के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने मौके से 725 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब तथा 180 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की। मामले में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर 8 आरोपियों जितेंद्र, अनिल, मनीष, राहुल, अभिषेक, अरुण, कमल गुदेंन एवं महेश (सभी निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, छोटा बैरसिया)कृके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 'नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली थीं सावित्रीबाई'

**सारंगपुर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोलकर नारी शिक्षा की नींव रखी, उस समय जब महिलाओं को घर से बाहर निकलने तक की अनुमति नहीं थी। इस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए उन्होंने जो क्रांति की, उससे मैं व्यक्तिगत रूप से अत्यंत प्रभावित और भावुक हूं।

समाज के तीव्र विरोध के बावजूद, जब उन पर कीचड़ फेंका जाता था, तब वे अतिरिक्त साड़ी लेकर जातीं और साड़ी बदलकर पूरे साहस के साथ बच्चियों को पढ़ाती थीं। उन्होंने दलितों और महिलाओं के लिए अनेक विद्यालय स्थापित किए, विधवाओं हेतु बालहत्या प्रतिबंधक गृह शुरू किया और छुआछूत व बाल विवाह के विरुद्ध संघर्ष किया। प्लेग महामारी में रोगियों की सेवा करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी सोच आज भी हमें सिखाती है कि शिक्षा ही समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत है भारत में महिला शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचार हैं यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शनिवार को महात्मा फुले चैराहे पर सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशी बजाज ने कही कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा महाविद्यालय प्राचार्य ममता खोईया नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका समाज सुधारक और कवयित्री थीं जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों की शिक्षा व सामाजिक समानता के लिए अथक संघर्ष किया भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला और विधवा पुनर्विवाह व बाल विवाह विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# एक पेड़ भविष्य के नाम तहत एनएसयूआई ने लगाए पौधे



**ब्यावरा।** शहर के कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी व अनमेष दांगी द्वारा शनिवार को ब्यावरा महाविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। युवा शक्ति के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, हरित और स्वस्थ भविष्य को समर्पित है। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह, डॉ भारत वर्मा, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, रचना भार्गव, राहुल दांगी, चेनसिंह, फूल सिंह, ग्यानु विजयवर्गीय, अर्पित शर्मा, गंगा चौहान, कैलाश, यूनिश मोहम्मद, लक्की दांगी आदि शामिल हुए।

## 13 जनवरी होगा भूमिपूजन, निकलेगी धर्म ध्वज व कलश यात्रा

# खुजनेर में 21 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

कुंज नगर खुजनेर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 21 जनवरी को होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा, जिसको लेकर नगर में तैयारिया की रूप रेखा तैयार की जा रही एवं आयोजन समितियों का गठन किया गया है। 13 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन के निमित्त नगर में भव्य धर्म ध्वज कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं कार्यक्रम स्थल पर भूमिपूजन किया जाएगा।

पूरे नगर में भगवा पताका लगाई जाएगी स्वयंसेवकों द्वारा प्रत्येक हिन्दू समाज के घर घर पीले चावल देकर हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा नगर में हिन्दू सम्मेलन के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं, जिनमें भूमि पूजन, जनसंपर्क, प्रभात फेरियां और बैठकें आयोजित हुई ताकि समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रहित के भाव को मजबूत किया जा सके आयोजन समितियों द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है, जिसमें मंच व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई स नगर में प्रातः 5 बजे से भजन-कीर्तन के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जा रही हैं। संगठित समाज सशक्त हिन्दू, सशक्त राष्ट्र, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति जैसे विषय ओर पंच परिवर्तन पर प्रतिदिन नए नए नवाचार भी किए जाएंगे।

## ग्राम बागोरी और तलावली को मिली विकास कार्यों की सौगात

# 90 लाख से निर्मित होंगे 3 सामुदायिक भवन व पुलिया

**ब्यावरा।** मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को ग्राम बागोरी एवं तलावली में करीब 90 लाख की लागत से निर्मित होने वाले तीन सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में बीते 22 वर्षों तथा केंद्र में पिछले 12 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है।





मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में सड़क, पुल, भवन, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाओं एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर को सुदृढ़ किया जा रहा है। मंत्री पंवार ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। कृषि से जुड़े विभिन्न नवाचार, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और सीधी सहायता योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, मानसिंह, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, श्याम सिंह चैहान, जयेंद्र गुर्जर, गोपाल बादशाह, सरपंच रमेशचंद्र यादव, सरपंच श्री रामगोपाल दांगी, आरईएस ईई बसंत कुमार सूर्यवंशी, प्रवीण सिंह भील सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोंगो में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और कैंसर होते है। हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे बीमारी से बचाया जा सकता है।

### कलश यात्रा का किया भव्य स्वागत

**सीहोर।** सकल हिंदू समाज सीहोर नगर द्वारा सामाजिक एकता समरसता सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परंपराओं को सुधार करने हिंदू समाज के सामूहिक शक्ति के प्रकृतिकरण हेतु आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी जिलासह मीडिया प्रभारी पवन जैन द्वारा स्मार्ट बाजार के सामने स्वागत कार्यक्रम रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से गुलजारी के बगीचे क्षेत्र से केसरीमल भावसार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिसोदिया, पूर्व सरपंच इंदर सिंह मेवाडा, अशोक जैन, रवि विश्वकर्मा, मनोज जैन, गौतम शाह, राजुल शाह, सागरमल गुप्ता, पार्वती गहलोत, प्रेम नारायण गहलोत, मयंक जैन, डॉक्टर सुंदरलाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। गुलजारी के बगीचे से महिला मंडल भी उपस्थित था।

### नगर, ब्लॉक और ग्रामीण कांग्रेस ने कैलाश विजय वर्गीय का जलाया पुतला

# इंदौर में दूषित पानी से मौत पर विजयवर्गी को बर्खास्त कर मामला दर्ज करने की मांग, विधायक कार्यालय के बाहर बजाया घंटा





नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर जबरदस्त करने की मांग के साथ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर पुतला भी जलाया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण आष्टा द्वारा इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण 16 लोगों की हुई मौत एवं 1400 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की घटना एवं कैलाश विजयवर्गीय के गैर जिम्मेदार बयान घंटा के विरोध में स्थानीय बस स्टैंड आष्टा प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर जबरदस्त नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता कैलाश विजयवर्गीय को बर्खास्त करो जो सरकार साफ पानी दे ना सकी वह सरकार निकम्मी है लोगों की जान के दुश्मनों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करो साथ ही कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उपरोक्त अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि दर्दनाक गंभीर हादसा है जिस शहर इंदौर को देश में स्वच्छता में प्रथम स्थान दिया जाता है वहां पर सीवेज से दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत होने के साथ ही 1400 लोग अस्पताल में भर्ती है और इस घटना पर जिम्मेदार नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से पत्रकार द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल पूछा गया तो वह कहते हैं फोकट के सवाल क्यों पूछते हो उसके बाद भी जब सवाल पूछा जाता है तो कैलाश विजयवर्गी का घमंड देखो वह सीधा कहते हैं क्या हुआ है घंटा हुआ क्या। मंत्री द्वारा इतना गैर जिम्मेदार बयान देने के बावजूद आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अब तक तो मंत्री कैलाश विजयवर्गी को बर्खास्त करते हुए उनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर देना चाहिए था आज हम लोगों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गी का पुतला जलाकर उनको बर्खास्त करने की मांग के साथ ही जिम्मेदारों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर पुतला जलाकर प्रदर्शन किया गया है हरपाल ठाकुर ने आगे कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अमृतकाल की बात कर रहे हैं पर इंदौर में विषैला पानी पीने से 16 लोगों की मौत हो जाती है तो सवाल यह उठता है कि देश में अमृतकल है या विषकॉल है ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं संघ प्रमुख मोहन भागवत को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को स्पष्ट निर्देश देना चाहिए कि वह मंत्री कैलाश विजयवर्गी को तत्काल बर्खास्त करें और दोषियों के खिलाफ हत्या के प्रकरण दर्ज करने के साथ ही पीड़ित परिवार को एक-एक करोड रुपए का मुआवजा दे उपरोक्त अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर,आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष सुनिल कटारा,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष खालिद पठान,सन्नवर खान,नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रिजवान खान,पर्षद प्रतिनिधि शेख रईस, पूर्व पार्षद शहीद टेलर,देवनाबागस मेवाड़ा,प्रेम पटरिया,महमूद अंसारी,डॉ एजाज खान,डॉ हरि मेवाड़ा, रमेश मेवाड़ा,नवाब बेरी,राहुल पटरिया,महेश सुलखेड़ी,देवेंद्र मेवाड़ा,अशोक मंडलोई,चेतन बालोदिया, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष हरेंद्र नौगांव,चेतन भाटी,शंकर सोनी,राजकुमार नौगांव, बबन खान,अजय भाटी,रविन्द्र ठाकुर,शावेज़ खान,आजम खान,सऊद खान, अमीर, अरबाज,नदीम खान आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### घंटा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के एक बयान को लेकर आज आष्टा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक कार्यालय के बाहर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस बयान को असंवेदनशील बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।दरअसल, दूषित पानी से 13 लोगों की मौत के मामले में एक पत्रकार के सवाल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा "घंटा" शब्द के प्रयोग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इतनी गंभीर घटना पर इस प्रकार की टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि 16 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भी भाजपा के वरिष्ठ नेता गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल पद इस्तीफा देना चाहिए और मृतकों के परिजनों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता के मूलभूत मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और हाथों में घंटा बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, विधानसभा प्रत्याशी कमलसिंह चौहान, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा मीना सिंगी,सुनील सेठी, सोबालसिंह बागेर, सोहेल मिर्जा, विनीत सिंगी, भैया एमपी, चन्दर सिंह ठाकुर, आत्माराम परमार, संदीपसिंह ठाकुर , अमित पटेल, विनोद ठाकुर, रामचरण दवारिया, राहुल पटेल, सुनील प्रगति, वीरेन्द्र परमार, अर्जुन अजय, खालिद पठान, बिट्टू ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, रोहित ठाकुर, दिव्यांश भाटी, ऋषिराज पटेल आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अशुभ कर्मों से शुभ फल की अपेक्षा व्यर्थ है, ज्ञान जहां भी मिले प्राप्त करें: मुनि विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने अपने आशीष वचनों में कहा कि केवल्यज्ञान ही आत्मा को सिद्ध भगवान बनाता है।अशुभ कर्मों से शुभ फल की अपेक्षा व्यर्थ है। संयम रूपी नौका पर सवार होकर ही शंका रूपी संसार से पार हुआ जा सकता है।मनुष्य को जो पुण्य प्राप्त होता है, वही उसकी वास्तविक संपत्ति है।इसलिए अधिक से अधिक पुण्य अर्जित कर इस जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

मुनिराज ने कहा कि व्यक्ति सुख चाहता है, पर कर्म ऐसे करता है जो दुख के कारण बनते हैं। बड़े-बड़े भवन, धन-संपत्ति साथ नहीं जाती, धर्म-आराधना और पुण्य ही आत्मा के साथ जाते हैं। जैसा चिंतन होता है, वैसी ही प्राप्ति होती है। आज व्यक्ति दिखावे में अधिक उलझ गया है, जबकि कर्मों का क्षय केवल पुण्य से ही संभव है।उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा करते समय भी यदि मन इधर-उधर भटकता रहे,तो पुण्य का बंध कैसे होगा। मन, वचन और काया की सम्यक एकता से ही सम्यक कर्म बंधते हैं। व्यक्ति लाखों का विधान कर ले, पर पूर्व कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ता है। करुणा और दया के बिना आत्मा का कल्याण संभव नहीं है। आचार्यों के ग्रंथ जीवन में उतारने के लिए हैं, केवल पढ़ने-सुनने के लिए नहीं।मुनिश्री ने कहा कि बहुत पुण्य के फलस्वरूप मनुष्य भव और जैन कुल प्राप्त होता है। मुनिराजों के दर्शन सभी के भाग्य में नहीं होते। यह पर्याय अमूल्य है, इसके नष्ट होने के बाद पुनः नहीं मिलता। इस लिए ऐसे कार्य करें जिससे अगला भव सुधरे और सार्थक बने।

इस अवसर पर मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि जहाँ भी ज्ञान मिले, उसे ग्रहण करें।सिद्धों की आराधना करनी चाहिए। मुनिराज चलते-फिरते तीर्थ समान होते हैं, जहाँ उनके चरण पड़ते हैं वह भूमि पावन हो जाती है। रविवार 4 जनवरी को किला मंदिर परिसर में विश्व शांति यज्ञ एवं जाप का अनुष्ठान होगा। जिसमें श्रद्धालु घी का एक दीपक एवं एक माला साथ लाकर सहभागी बनेंगे। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज द्वारा तत्त्वार्थ सूत्र की कक्षा तथा संध्या में गुरुभक्ति एवं स्वाध्याय भी नियमित रूप से आयोजित हो रहा है। किला मंदिर पर परम पूज्य गुरूवर के पावन सानिध्य व निर्देशन में श्री ऋषभदेव भगवान के दिव्य जिनालय में महामंगलकारी सकारात्मक ऊर्जा देने वाले महामंत्रों के साथ विश्व शांति और लाभ, अमृतयोग में जाप अनुष्ठान होगा।

# बगवाई माता मंदिर पर चल रही राम कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



ग्राम सिद्धिगंज में प्राचीन बगवाई माता मंदिर में राम कथा व हिंदू सम्मेलन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गांव के लोग व माता बहने बड़ी संख्या में पहुंची। वहीं आरएसएस प्रवक्ता के उद्बोधन भी हुए।

जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और माता बहने उपस्थित रही। पंडित हरि माधव महाराज द्वारा राम कथा सुनाई गई। चार दिनों तक राम कथा का आयोजन चला, जिसमें पूरा पंडाल भक्ति में डूबा रहा माधव महाराज जी द्वारा श्री राम जी के संपूर्ण जीवन की कथा का वर्णन सुनाया गया। बालक बालिकाओं द्वारा श्री राम और साबरी के झूठे बेर की कथा का नाटक कर प्रस्तुत किया गया। जिसने पूरे पंडाल को भक्ति में लीन कर दिया। विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां भारती का दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इसके पश्चात गौ माता की पूजा कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम में संघ के अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। आरएसएस संघ अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार की बातें बताई गई। कहा कि सभी हिंदू भाई को आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। कोई किसी की जात-पात होती है ना ही किसी से किसी प्रकार का भेदभाव करना चाहिए। हमारी सिर्फ एक ही जाती है वहां है हिंदू। वही संघ वक्त द्वारा अपनी-अपनी बात रखी गई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



इस दौरान धर्मचंद सोनी, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, श्री राम राठौर, अमर सिंह चौहान सरपंच उमरदड़ ,जुगल किशोर राठौर ,लाखन सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर इलाही ,कुलदीप ठाकुर सरपंच धुराडा कला, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धि गंज, मुक्तेश तापड़िया, अरुण श्रीवास्तव ,गोल्डी श्रीवास्तव, नरेंद्र सोनी, राजेंद्र धरवा, जितेंद्र ठाकुर, नंदकिशोर बागवान उपसरपंच, अशोक राठौर, सुरेंद्र राठौर, राजेंद्र ठाकुर पटेल, नरेंद्र राठौर, भारत राठौर, अतुल तापड़िया, मानसिंह ठाकुर ,रिंकू ठाकुर, रेवाराम पटवा, निखिल गोस्वामी सहित समस्त हिंदू उत्सव समिति सदस्य व ग्राम के युवा साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जावर तहसील के प्रत्येक गांव में लगाया जा रहा फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप

# प्रत्येक भूमि की फॉर्मर आईडी अनिवार्य है: तहसीलदार





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मध्यप्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री (फॉर्मर आई डी) की शुरुआत केंद्र सरकार की एग्रीस्टेक परियोजना के तहत की गई है। फॉर्मर रजिस्ट्री पूरे भारत में लागू है, जिसमें किसानों को यूनिक फार्मर आईडी ( फार्मर आईडी) दी जा रही है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके इसलिए फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य तेजी से किया जा रहा है। तहसील जावर के प्रत्येक ग्राम में फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जा रहे है। कैंपों में पटवारी एवं लोकल यूथ फॉर्मर आई डी बनाने का कार्य कर रहे है। ओमप्रकाश चोरमा तहसीलदार जावर द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक किसान की भूमि की फॉर्मर बनें। इस हेतु गांव गांव जा कर उनके द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कोटवार गांवों में मुनादी कर किसानों को सूचित कर रहे है। तहसीलदार जावर द्वारा तहसील जावर के किसानों से अपील की है कि वे शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित ना हो इसलिए फॉर्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं। शामिल खाते की भूमि के प्रत्येक सहखातेदार की फॉर्मर रजिस्ट्री करवाने के साथ साथ अपने स्वामित्व के सभी खसरों को फॉर्मर आई डी में जुड़वाएं। फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु किसान अपने ग्राम में लगने वाले फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप में जा कर हल्के के पटवारी, ग्राम में लोकल यूथ से संपर्क कर फॉर्मर रजिस्ट्री बनवा सकते है अथवा किसी भी साइबर कैफे, सीएससी केंद्र या स्वयं भी फॉर्मर रजिस्ट्री कर सकते है।

# भाजपा जिला पदाधिकारियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने जिले की कार्यकारणी घोषित की जिसमें जिला मंत्री सविता जय सिंह ठाकुर एवं जिला सह कोषाध्यक्ष शिवम सोनी को मनोनीत होने पर जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय जावर पर भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर जिला मंत्री जय सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सह कोषाध्यक्ष शिवम सोनी, मनोज वैद्य ,उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, संजय अजमेरा, महामंत्री राजा ठाकुर ,धर्मेंद्र मालवीय, पार्षद मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, हरीश शर्मा, दयाराम परिहार, कुमेर सिंह, योगेश भावसार, तेज सिंह भाटी, राजू भावसार, अंगूर ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, सूरज सिंह पटेल, संजय पांचाल, संजय मालवीय, पवन मालवीय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।